सिंह बिधूड़ी
पूर्व विधायक

सर्वश्रेष्ठ विधायक
तीसरी विधान सभा, दिल्ली
पूर्व अध्यक्ष
हरियाणा वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन
(सरकार का उपक्रम)

OFFICE OF UDM
Dy No. 2034
Date 15/5/12

4346

PS to UDM 14/5

दिनांक : 03.05.2012

9/5/12
PS to UDM

आदरणीय श्री कमलनाथ जी,

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के अंतर्गत आने वाले मीठापुर नगर निगम वार्ड एवं जैतपुर नगर निगम वार्ड को वर्ष 2010 में ओ-जोन में सम्मिलित कर दिया गया था, जिसके परिणामस्वरूप इन नगर निगम वार्डों के गांव मीठापुर, गांव जैतपुर एवं गांव हरिनगर के हजारों निवासी लाल डोरा के अंदर भी अपनी निजी जमीन पर न तो अपने मकान बना सकते हैं और न ही अपने मकानों की मरम्मत तक करा सकते हैं। ये तीनों गांव सैकड़ों साल पुराने हैं।

साथ ही, उपरोक्त तीनों गांवों की खेती-बाड़ी की जमीन पर बसी अनधिकृत कॉलोनियों को भी ओ-जोन में सम्मिलित कर दिया गया था। ये अनधिकृत कॉलोनियों हैं : मीठापुर विस्तार सौरभ विहार, ओम नगर, सांई नगर, शिवपुरी सौरभ विहार, हरिनगर एक्सटेंशन, जैतपुर पार्ट-1 पार्ट-2 आदि। इन अनधिकृत कॉलोनियों में 90 से 95 प्रतिशत तक बिल्ट-अप एरिया है और सभी मकान निजी जमीन पर बने हुए हैं। ओ-जोन में आ जाने के कारण, इन कॉलोनियों में भी लोग अपनी निजी जमीन पर न तो मकान बना सकते हैं और न ही अपने मकानों की मरम्मत ही करा सकते हैं।

मैं बदरपुर विधान सभा क्षेत्र का 10 साल तक विधायक रहा हूं और उक्त मीठापुर एवं जैतपुर वार्ड बदरपुर विधान सभा क्षेत्र के ही अंतर्गत आते हैं। मेरे विधायक कार्यकाल में ये दोनों नगर निगम वार्ड रेजिडेंशियल जोन में आते थे। परंतु नए जोनल-प्लॉन में इन्हें ओ-जोन में डाल दिया गया है, जिसके कारण इन वार्डों के निवासियों को अत्यंत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उपरोक्त गांवों एवं अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले लाखों गरीब लोगों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए हुए, जिनमें अधिकतर कमजोर वर्ग के लोग हैं, मेरा आपसे अनुरोध है कि मीठापुर वार्ड एवं जैतपुर वार्ड के गांवों एवं अनधिकृत कॉलोनियों को ओ-जोन से निकलवाकर पुनः रेजिडेंशियल जोन में शामिल करवाने की कृपा करें। आभारी रहूंगा।

सादर,

भवदीय

(रामवीर सिंह बिधूड़ी)

"Secy. (UD)"

श्री कमलनाथ जी,
माननीय केंद्रीय शहरी विकास मंत्री,
भारत सरकार, नई दिल्ली।

16/5

AS(UD) 17/5

27/5

This is for IB.

DD(IB)

Ew II B

2, गांव तुगलकाबाद, नई दिल्ली-110044 • फोन : 011-29967384, मोबाइल: 9810004800